वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 16 मार्च 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

देशभर में पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक, रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, देश के अलग-अलग राज्यों में पेपरलीक की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की मांग करती है। बीते दिनों में अलग-अलग राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं व बोर्ड परीक्षाओं आदि के आयोजन के दौरान जिस तरह लगातार प्रश्नपत्र लीक होने व अन्य अनियमितताएं सामने आई हैं, वह बेहद चिंताजनक है।

अभाविप की विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा उत्तराखंड, गुजरात, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों में पेपरलीक की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पेपरलीक की घटनाओं से देश के युवाओं में असंतोष तथा चिंताएं बढ़ रही हैं, सरकार को इस समस्या का जड़ उन्मूलन करने की दिशा में शीघ्र कदम उठाने होंगे।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि,"देश में पारदर्शी तथा व्यवस्थित ढंग से परीक्षाओं के आयोजन के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को शीघ्र प्रयास करने चाहिए। बीते महीनों में जिस प्रकार से कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं सहित अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक तथा भ्रष्टाचार आदि घटनाएं हुईं, वह बेहद निंदनीय हैं। अभाविप मांग करती है पेपरलीक की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाएं।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)